**Need to establish an AYUSH Centre in Palghar district, Maharashtra.-laid**

डॉ**.** हेमंत विष्णु सवरा **(**पालघर**) :** मैं सरकार का ध्यान महाराष्ट्र के पालघर जिले की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जहाँ बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय निवास करता है । यह क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है, जिससे स्थानीय लोगों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है । विशेष रूप से आयुष पद्धति के माध्यम से उपचार की संभावनाएँ अधिक प्रभावी हो सकती हैं, क्योंकि यह प्राकृतिक और स्थानीय चिकित्सा पद्धतियों पर आधारित है । पालघर जिले के कई दूरस्थ गांवों में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की कमी है । पालघर जिले के कई मरीजों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । यदि इस क्षेत्र में आयुष केंद्र की स्थापना की जाती है, तो पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी के माध्यम से सुलभ, सस्ता और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है । मैं माननीय केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री से आग्रह करता हूँ कि पालघर जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शीघ्रातिशीघ्र एक आयुष केंद्र स्थापित किया जाए, ताकि वहां के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें ।